MARUTI SUZUKI

# मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड

CIN: L34103DL1981PLC011375
**पंजी. कार्या.: प्लॉट नं. 1, नेल्सन मंडेला रोड, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070**
**फोनः** +91 (11) 46781000, **फैक्सः** +91 (11) 46150275
www.marutisuzuki.com, investor@maruti.co.in

## डाक मतपत्र/ई–वोटिंग की सूचना

सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 108, धारा 110 और अन्य लागू प्रावधान, यदि कोई हो, के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (**"नियम"**) के नियम 20 एवं नियम 22 के प्रावधानों तथा ई–वोटिंग के माध्यम से आम बैठक के आयोजन/डाक मतपत्र के आयोजन के लिए कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय (**"एमसीए"**) द्वारा जारी किये गये निर्धारित दिशानिर्देशों तथा संगत परिपत्रों, सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (**"सूचीयन विनियम"**), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी किये गये सचिवीय मानक–2 तथा अन्य लागू नियमों एवं विनियमों, यदि कोई हो, समय–समय पर उस पर लागू कोई सांविधिक संशोधन(नों) या अधिनियमन(नों) सहित के अनुपालन में कंपनी ने उन सभी सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से व्याख्यात्मक विवरण के साथ डाक मतपत्र सूचना दिनांक 28 जनवरी, 2021 (**"सूचना"**) भेजने का कार्य 9 फरवरी, 2021 को पूरा कर लिया है जिनके ई–मेल पते 5 फरवरी, 2021 (**"कट–ऑफ तिथि"**) को अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी (**"डीपी"**) या केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (**"केफिन"**), कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत हैं।

कोविड–19 महामारी के प्रकोप के कारण एमसीए ने केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से सूचना भेजकर डाक मतपत्र के आयोजन के लिए कम्पनी को अनुमति दी है। तद्नुसार, डाक मतपत्र प्रपत्र के साथ सूचना की भौतिक प्रतियां और पूर्व–भुगतेय व्यवसाय उत्तर लिफाफा इस डाक मतपत्र के लिए सदस्यों को नहीं भेजा जाएगा।

**सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है किः**

(क) सूचना में निर्धारित किये गये अनुसार ''कंपनी के संस्था के बहिर्नियम के उद्देश्य उपखण्ड में संशोधन'' के संबंध में प्रस्ताव को केवल केफिन द्वारा उपलब्ध कराए गए रिमोट ई–वोटिंग प्लेटफार्म के माध्यम से केवल इलेक्ट्रॉनिक पद्धति (**"रिमोट ई–वोटिंग"**) द्वारा वोटिंग के माध्यम से डाक मतपत्र के द्वारा निष्पादित किया जाना है।

(ख) रिमोट ई–वोटिंग अवधि सोमवार, 15 फरवरी, 2021 (प्रातः 9.00 बजे) प्रारंभ होगी।

(ग) रिमोट ई–वोटिंग अवधि मंगलवार, 16 मार्च, 2021 (सायं 5.00 बजे) समाप्त होगी। कथित अवधि की समाप्ति के बाद केफिन द्वारा रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा हटा ली जाएगी।

(घ) इस अवधि के दौरान केवल वे सदस्यगण जिनका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात् **शुक्रवार, 5 फरवरी, 2021** को सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरीज द्वारा तैयार किये गये लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होगा, केवल वे ही रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के लिए हकदार होंगे।

ऐसा व्यक्ति जो कथित कट–ऑफ तिथि को कंपनी का सदस्य नहीं है, वह वोट देने का हकदार नहीं होगा तथा वह इस सूचना को केवल जानकारी का प्रयोजन मात्र समझे।

(ङ) रिमोट ई–वोटिंग के संबंध में किसी भी पूछताछ/शिकायत के लिए सदस्यगण ई–मेलः einward.ris@kfintech.com या evoting@kfintech.com पर लिख सकते हैं या केफिन के पास नीचे दिये गये अनुसार सम्पर्क कर सकते हैंः

श्री राज कुमार काले, वरिष्ठ प्रबंधक, केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, टॉवर–बी, प्लॉट 31–32, सेलेनियम बिल्डिंग, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, गाचीबावली, हैदराबाद–500032, फोन नं. 040. 67162222 या टोल फ्री नं. 1–800–34–54–001।

इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के पास अपना ई–मेल पता एवं मोबाइल नम्बर अपडेट करें। सदस्यगण नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके केफिन के पास अस्थाई रूप से अपना ई–मेल पता एवं मोबाइल नम्बर अपडेट करा सकते हैंः

(i) लिंक https://ris.kfintech.com/clientservices/postalballot/ को देखें।

(ii) कंपनी का नाम चुनेंः मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड

(iii) डीपीआईडी क्लाइंट आईडी (इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में धारित शेयरों के मामले में)/फिजिकल फोलियो नं. (भौतिक प्रारूप में धारित शेयरों के मामले में) एवं स्थायी खाता संख्या (''पैन'') दर्ज करें।

(iv) यदि शेयर भौतिक प्रारूप में धारित है, तथा पैन रिकार्ड में उपलब्ध नही है तो कृपया स्वयं द्वारा धारित शेयरों के संबंध में कोई एक शेयर प्रमाणपत्र सं. दर्ज करें।

(v) ई–मेल पता एवं मोबाइल नं. दर्ज करें।

(vi) सिस्टम डीपीआईडी क्लाइंट आईडी/फिजिकल फोलियो नं. एवं पैन/प्रमाणपत्र सं., जैसा भी मामला हों के सत्यता की जांच करेगा और प्रमाणीकरण के लिए कथित मोबाइल नं. एवं ई–मेल पते पर एक ओटीपी भेजेगा।

(vii) प्रमाणीकरण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एसएमएस एवं ई–मेल द्वारा भेजे गये ओटीपी को दर्ज करें (कृपया नोट करें कि ओटीपी केवल 5 मिनट के लिए वैध रहेगा)।

(viii) यदि शेयर भौतिक प्रारूप में धारित हैं और पैन उपलब्ध नहीं है तो सिस्टम आपको अपने पैन की स्व–सत्यापित प्रति को अपलोड करने के लिए कहेगा।

(ix) सिस्टम आपको सूचना तथा यूजर आईडी एवं पासवर्ड के साथ रिमोट ई–वोटिंग दिशानिर्देशों को भेजने के प्रयोजन हेतु आपका ई–मेल पता कन्फर्म करेगा।

(x) विकल्पतः सदस्यगण केफिन के पास अपना ई–मेल पता एवं मोबाइल नम्बर अस्थाई रूप से पंजीकृत कराने के लिए अपना ई–मेल पता, मोबाइल नम्बर, पैन की स्व–सत्यापित प्रति तथा इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में धारित शेयरों के संबंध में क्लाइंट मास्टर कॉपी या भौतिक प्रारूप में धारित शेयरों के संबंध में शेयर प्रमाणपत्र का विवरण देते हुए प्रथम सदस्य द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अपने अनुरोध पत्र की स्कैन की गई प्रति के साथ अपना अनुरोध ई–मेलः einward.ris@kfintech.com पर भेजें जिससे उनको इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग के लिए यूजर आईडी एवं पासवर्ड के साथ सूचना तथा रिमोट ई–वोटिंग दिशानिर्देश जारी किये जा सकें।

सूचना कंपनी की वेबसाइट www.marutisuzuki.com; केफिन की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com; नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

सूचना में निर्धारित प्रस्ताव के संबंध में घोषित किये गये परिणाम के साथ पर्यवेक्षक की रिपोर्ट बृहस्पतिवार, 18 मार्च, 2021 को या उससे पूर्व स्टॉक एक्सचेंजों को भेजा जाएगा तथा इसे कंपनी की वेबसाइट www.marutisuzuki.com एवं केफिन की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/public/Downloads.aspx पर भी अपलोड किये जाएगा। कथित परिणामों को कंपनी के पंजीकृत एवं कॉर्पोरेट कार्यालय में भी प्रदर्शित किया जाएगा।

**मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के लिये**

**नई दिल्ली** — **संजीव ग्रोवर**
**09 फरवरी, 2021** — **उप–अध्यक्ष एवं कंपनी सचिव**